# ट्रांसफर होने पर खाली करना पड़ेगा सरकारी मकान

## कैबिनेट ने शासकीय आवास आवंटन नियम 2000 के नियम में संशोधन की दी स्वीकृति

### सरकार ने पेनाल्टी को 10 से बढ़ाकर 30 गुना किया

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 अक्टूबर. ट्रांसफर होने के बाद भी राजधानी भोपाल में सरकारी मकानों पर कब्जा जमाये रखना शासकीय सेवकों के लिये आसान नहीं होगा. अब शासकीय सेवक को ट्रांसफर होने के 6 माह के भीतर शासकीय आवास खाली करना होगा.**



कैबिनेट ने मंगलवार को भोपाल स्थित शासकीय आवास आवंटन नियम 2000 के नियम 17 एवं नियम 37 में संशोधन को मंजूरी दे दी है. निर्णय के तहत ट्रांसफर होने पर अधिकतम 6 माह तक ही सामान्य दर पर आवास रख सकेगा. इसी तरह सेवानिवृत्त होने की स्थिति में शासकीय सेवक 6 माह तक आवास धारण कर सकेगा. सेवानिवृत्त शासकीय सेवक पहले 3 माह की अवधि के लिए आवंटित आवास सामान्य दर पर धारण कर सकेगा. उसके बाद अगले 3 माह की अवधि के लिए किराया सामान्य दर से 10 गुना दर पर आवास धारण कर सकेगा. ये समय बीतने के बाद फिर पैनाल्टी लगाई जाएगी, वहीं बेदखली की कार्यवाही भी की जायेगी.

पहले केवल 3 माह तक ही शासकीय आवास धारण करने की अनुमति थी. इसी तरह त्यागपत्र देने, सेवा से पृथक होने अथवा अन्य किन्ही कारणों से आवास रखने के लिए अनधिकृत होने पर 3 माह तक की अवधि के लिए शासकीय सेवक द्वारा सामान्य दर पर आवास धारित किया जा सकेगा. 3 माह की अवधि के के बाद दाण्डिक किराया वसूल किया जाएगा एवं बेदखली की कार्यवाही की जायेगी. वहीं अनधिकृत आधिपत्य के लिये नियम 37 के तहत वेतनमान के आधार पर आवास की पात्रता और लायसेंस शुल्क की दरों का निर्धारण भी संशोधित किया गया है. दाण्डिक मासिक किराया 10 गुना से बढ़कर 30 गुना किया गया है.

> **सभी भारिया, बैगा, सहरिया के घर रोशन होंगे**
>
> प्रदेश में भारिया, बैगा और सहरिया जनजाति के घर हर हाल में बिजली से रोशन होंगे, ऐसे घर जहां अब तक बिजली की पहुंच नहीं है, उनके लिये कैबिनेट ने मंगलवार को प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान अंतर्गत प्रदेश में पीवीटीजी समूहों यथा भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के घरों के विद्युतीकरण के लिए विद्युत वितरण कंपनियों की अतिरिक्त कार्ययोजना द्वितीय चरण को मंजूरी दी है.

# बारिश से बर्बाद फसलों का मिले मुआवजा : गुर्जर

विशेष संवाददाता

**भोपाल. मुरैना विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश गुर्जर ने हाल ही में हुई भारी बारिश से प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवज़ा देने की मांग की है।**

गुर्जर के अनुसार, क्षेत्र में खड़ी फसलों का करीब 95 प्रतिशत हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो गया है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने स्थिति को किसानों के लिए पूर्ण विनाश बताया और कहा कि किसान अब अपनी मेहनत की भरपाई के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संवाददाता से बातचीत में गुर्जर ने बताया कि वे वर्तमान में बिहार में हैं, लेकिन जल्द ही वापस आकर इस मुद्दे को राज्य सरकार के सामने मजबूती से उठाएंगे।



उन्होंने कहा कि वे किसानों के अधिकारों के लिए लड़ेंगे ताकि उन्हें उचित राहत और मुआवज़ा मिल सके।

विधायक ने यह भी मांग की कि राज्य सरकार क्षेत्र में सर्वेक्षण दल भेजकर नुकसान का आकलन करे। उन्होंने कहा कि समय पर कार्रवाई न होने से किसानों की परेशानी और बढ़ सकती है।

### एक नजर में

#### शराब दुकान में बदमाशों ने पटके बम, मची भगदड़

**जबलपुर.** रांझी थाना क्षेत्र स्थित शराब दुकान में चार बदमाशों ने तीन बम पटक दिए. वारदात से अफरा-तफरी एवं भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई. स्टॉफ ने राहगीरों की मदद से एक आरोपी को दबोच लिया जबकि तीन भाग गए. पुलिस प्रकरण दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है. पुलिस के मुताबिक पुष्पेन्द्र सिंह पिता देवेन्द्र सिंह 40 वर्ष निवासी मडई रांझी ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मडई शराब दुकान में सेल्स मैन की नौकरी करता है. दुकान में चन्द्रिका तिवारी भी सेल्स मैन का

#### साइबर ठग ने खाते से 1.57 लाख उड़ाए

**जबलपुर.** साइबर ठग ने एक युवक के खाते से 1 लाख 57 हजार 309 रूपये निकाल लिए. गोरखपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने बताया कि पुष्पेन्द्र सिंह राठोर 30 वर्ष निवासी साई मारुती नगर पाटन रोड़ बिनेकी थाना माढ़ोताल ने लिखित शिकायत की कि पीएनबी क्रेडिट कार्ड के नाम से उसके वीडियो कॉल ई केवायसी के लिये पंजाब नेशनल बैंक से कॉल आया, उसने बताये अनुसार क्रेडिट कार्ड का नम्बर इनपुट किया यूनिटी स्माल फायनेंस बैंक भारत पे क्रेडिट कार्ड नम्बर जिसमें से 1 लाख 57 हजार 309 रूपये बारी बारी कटते जाने लगे, जिस नम्बर से कॉल आया उक्त नम्बर फिलिपकार्ड, अमेजान, मोबाइल केडब्ल्युके सॉल्यूसन अन्य के नाम से पैसा काटा गया.

# लाल परेड में होगा जुवैन नोटियाल का गायन

## मप्र स्थापना दिवस — सीएम ने तैयारियों की जानकारी मंत्रियों से की साझा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने मप्र के स्थापना दिवस की तैयारियों की जानकारी मंत्रियों से साझा की.**




▶ **समृद्ध मप्र 2047 का दृष्टि-पत्र का विमोचन भी होगा**

उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्थापना दिवस पर राजधानी और जिलों में विशेष कार्यक्रम होंगे. प्रदेश में गत 2 वर्ष में अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी विकास प्रदर्शनी के माध्यम से दी जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि लाल परेड ग्राउंड और रवीन्द्र भवन परिसर इन कार्यक्रमों के केंद्र होंगे. एक नवंबर को रवीन्द्र भवन में जहां 2 वर्ष में निवेश संवर्धन सहित अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित की जाएंगी वहां ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश से अर्जित उपलब्धियों की जानकारी भी प्रदर्शित की जाएगी. इस अवसर पर डिजिटल सेवाओं, मध्यप्रदेश ई-सेवा और इन्वेस्ट एमपी 3.0 पोर्टल का लोकार्पण होगा.

उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 के तहत हुए कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा. वर्ष 2026 के लिए आगामी वर्ष की थीम की घोषणा भी की जाएगी. समृद्ध मध्यप्रदेश 2047 दृष्टि पत्र का विमोचन भी होगा.

> मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश में अंगदान और देहदान की भावना विकसित हो रही है. हाल ही में भोपाल के एक ऑटो चालक श्री गणेश की दो किडनियां और दिल तीन लोगों को प्रत्यारोपित किया गया. साथ ही उनके कार्निया से भी दो लोगों को रोशनी मिलेगी. ऑटो ड्राइवर के परिवार का यह योगदान सराहनीय है. इस भावना को प्रोत्साहित करने के लिए अंगदान करने वाले व्यक्तियों के अंतिम संस्कार में गार्ड ऑफ ऑनर दिया जा रहा है.

# भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**कटनी, 28 अक्टूबर. जिले के कैमोर में मंगलवार को नकाबपोश बदमाशों ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष और बजरंग दल के पूर्व पदाधिकारी नीलेश नीलू रजक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी।**

घटना एसीसी गेस्ट हाउस के पास दोपहर 11:30 बजे हुई, जिसमें नीलेश की मौके पर ही मौत हो गई। कैमोर के पहली गोलीकांड के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया, जिसके चलते पुलिस को तत्काल मोर्चा संभालना पड़ा। तनाव इतना बढ़ा कि आईजी प्रमोद वर्मा और डीआईजी अतुल सिंह को मौके पर पहुंचना पड़ा। डीआईजी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद वीडी शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को घटना की जानकारी दी और पुलिस अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। वहीं विधायक संजय पाठक के बिहार चुनाव कार्य छोड़कर विशेष विमान से कटनी पहुंचने की जानकारी मिल रही है।

### पिस्टल निकालकर सीने पर कर दिया फायर



जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 11 बजे दो बाइक सवार युवक बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने पहुंचे। दोनों ने चेहरा कपड़े से ढक रखा था। वहीं पर नीलू रजक सड़क किनारे खड़े हुए थे, तभी एक युवक ने नजदीक से पिस्टल निकालकर सीने पर फायर कर दिया। गोली पसलियों को चीरती हुई अंदर जा धंसी। नीलू मौके पर ही लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। गोली मारने के बाद हमलावर बाइक से तेज रफ्तार भागते हुए फरार हो गए। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए नीलू को स्थानीय लोगों ने विजयराघवगढ़ अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीसीटीवी कैमरे में वारदात कैद हो गई।कैमोर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान, दुकानें बंद कर विरोध जताया है।

# भाजपा-संघ की भ्रष्टाचार की पार्टनरशिप

## दिग्विजय सिंह का बड़ा हमला, कहा- प्रदेश में लूट का माहौल

**शिवपुरी, 28 अक्टूबर. पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को शिवपुरी में भाजपा और आरएसएस पर सीधा हमला बोला है।**

उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों संगठन मिलकर जनता को लूट रहे हैं, और प्रदेश में भ्रष्टाचार की खुली पार्टनरशिप चल रही है। सिंह ने दावा किया कि ठेकों से लेकर सरकारी योजनाओं तक में कमीशन तय है, जहां एक लाख के काम में 30 से 40 हजार रुपए रिश्वत में चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिकाएं और परिषदें लूट का अड्डा बन गई हैं और भाजपा नियमों में बदलाव कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। आरएसएस की ईमानदारी पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, संघ अब चना खाने वाला संगठन नहीं रहा, ये लोग भ्रष्टाचार का हिस्सा बन चुके हैं। पूर्व सीएम ने प्रदेश में जंगलराज चलने और भाजपा नेताओं के इशारे पर हिंसा व झूठे केसों का आरोप लगाया। उन्होंने किसानों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त की, कहा कि खाद की कमी है और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। गीली मक्का समर्थन मूल्य 2400 से बहुत कम 800-1000 में बिक रही है।

### प्रधानमंत्री पर लगाए आरोप



दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी पर अमेरिका के दबाव में मक्का आयात करने का आरोप लगाया, जिससे देश के किसानों को नुकसान हुआ। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का जिक्र किया। अंत में, उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर तंज कसते हुए कहा कि पद के लालच में वे विचारधारा छोड़ गए, और अतिथि शिक्षकों के लिए सड़क पर उतरने का वादा करने वाले अब क्यों चुप हैं।

# सनातन परंपरा को बढ़ा रहा कलचुरी समाज

## कलचुरी समाज जब-जब याद करेगा, मुझे अपने साथ पाएगा : खण्डेलवाल



**भोपाल, 28 अक्टूबर. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को भोपाल के भेल दशहरा मैदान में भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल होकर समाजजनों को संबोधित किया।**

उन्होंने भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि कलचुरी समाज सनातन परंपरा और भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है।

समाज ने अपनी मेहनत और ईमानदारी से समाज में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा, कलचुरी समाज जब-जब मुझे याद करेगा, मुझे अपने साथ पाएगा। इस अवसर पर कलचुरी समाज द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत कर तलवार भेंट की गई, साथ ही समाज की वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया. महापुरुषों द्वारा बताए गए आदर्शों पर चलकर ही समाज और राष्ट्र का उत्थान संभव है।

> **महापुरुषों के बताए मार्ग पर चले युवा पीढ़ी**
>
> अपने संबोधन में खण्डेलवाल ने कहा कि कलचुरी समाज मेहनती और कर्मनिष्ठ समाज है, जिसने हमेशा राष्ट्र और समाज के निर्माण में योगदान दिया है। समाज के वरिष्ठजन और पदाधिकारी युवाओं को प्रेरित करें कि वे सनातन संस्कृति और राष्ट्रवाद के मार्ग पर चलते हुए देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को अपने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

# प्रदेश के 7 जिलों में गिरा पानी

## राजधानी और इंदौर में छाए बादल, ठंडी हवाएं भी चलीं

**भोपाल. अक्टूबर माह के अंत में भी प्रदेश में बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. राजधानी और मिनी मुंबई में मंगलवार को दिनभर बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी.**



ग्वालियर में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा. मंगलवार सुबह तक दो इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है. रतलाम में भी सुबह पानी गिरा. सिस्टम की एक्टिविटी होने की वजह से प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर बना रहा. इसी के साथ मंगलवार को बैतूल, धार, ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, रीवा और उमरिया में बारिश हुई. मुरैना में दोपहर डेढ़ बजे के बाद रिमझिम बारिश हुई. डिंडोरी में बेमौसम बारिश से खेतों में धान की पकी फसल खराब हो गई है, यहां मसूर और चने के खेतों में पानी भर गया है. उज्जैन के बड़नगर में तेज बारिश से खेतों में पानी भर गया. प्रदेश के आधे हिस्से में पिछले 24 घंटे के दौरान बारिश, आंधी और गरज चमक का दौर रहा.

> **झाबुआ में जोरदार बारिश**
>
> **झाबुआ.** शहर में बिन मौसम बारिश हो रहीं है. यह बारिश मावठे की बारिश होने से इसका लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है. 27 अक्टूबर, सोमवार रात करीब 9 बजे शहर में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई. इसके बाद 28 अक्टूबर, मंगलवार सुबह भी बारिश का क्रम चला. दोपहर में तो जोरदार बारिश से सड़क पूरी तरह तरबतर हो गई. नाले-नालियों से पानी बहकर सड़कों पर जलजमाव हो गया. उधर मंगलवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई. एक ओर देश में जहां बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान का असर कई राज्यो में देखने को मिल रहा है.

### धर्म छुपा कर रचाई शादी, प्रताड़ित करने का बनाया दबाव

**जबलपुर.** गोहलपुर रहने वाले एक युवक ने धर्म छुपा कर एक युवती से पहले दोस्ती की और फिर शादी की और उसके बाद उसे पर प्रताड़ित कर धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा. पीड़िता ने एसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायत की है. गोरखपुर निवासी 31 वर्षीय युवती ने बताया कि 2022 में सोशल मीडिया के जरिए नसीर अहमद से उसकी दोस्ती हुई थी. नसीर ने अपना नाम अरमान सिंह बताया. पीड़िता ने बताया कि आरोपी नसीर ने अरमान सिंह बनकर उससे शादी की.इसके बाद उसे सच्चाई का पता लगा तो धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा.

# योजना में धोखाधड़ी का लगाया आरोप

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 28 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर 'लाड़ली बहना योजना' के तहत करोड़ों महिलाओं को धोखा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस योजना को बड़े प्रचार के साथ शुरू किया था, लेकिन अब यह झूठ और विश्वासघात का प्रतीक बन चुकी है।**

पटवारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने वादा किया था कि जून 2023 से प्रत्येक लाड़ली बहना को ?3,000 प्रति माह दिया जाएगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि शुरुआत में केवल 1,000 प्रति माह दिए गए और अक्टूबर 2023 में जनता के दबाव के बाद राशि बढ़ाकर 1,250 कर दी गई।

पटवारी के अनुसार, यदि भाजपा ने अपना चुनावी वादा पूरा किया होता, तो अब तक 1,09,620 करोड़ का भुगतान किया जाना चाहिए था। जबकि सरकार ने केवल करीब 40,000 करोड़ ही वितरित किए हैं, यानी लगभग 69,620 करोड़ की राशि सरकार ने बहनों से छीन ली है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री जी, अगर सच में होश में हैं, तो एक बार कागज-कलम लेकर हिसाब लगा लीजिए। खुद समझ जाएंगे कि जनता से झूठ कौन बोल रहा है। पटवारी ने कहा कि भाजपा की घबराहट और तिलमिलाहट यह दर्शाती है कि झूठ कितना बड़ा था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में शराब का कारोबार सत्तारूढ़ दल से जुड़े लोगों के हाथ में है। पूरा मध्य प्रदेश जानता है कि शराब के ठेके कौन चला रहा है, मुनाफा कौन कमा रहा है और कौन सत्ता के नशे में चूर है, पटवारी ने कहा।



**प्रेस वार्ता** ▶ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने एसआईआर को लेकर साझा की जानकारी

# पात्र छूटे नहीं, अपात्र जुड़े नहीं, ये सुनिश्चित करेगा आयोग

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 अक्टूबर. चुनाव आयोग के निर्देश के बाद मंगलवार से प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई. बीती रात 12 बजे से प्रदेश के मौजूदा 5 करोड़ 74 लाख से अधिक मतदाताओं की सूची को फ्रीज कर दिया गया. इसी सूची के आधार पर मतदाता सूची को अपडेट किया जाएगा.**



एसआईआर को लेकर प्रदेश के राजनीतिक दलों में बने संदेह के बादल को हटाने के लिये प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव झा ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक की और सर की प्रक्रिया का पूरा ब्यौरा दिया और ये बताया कि ये देश और प्रदेश में पहली बार नहीं हो रहा है. 1951 के बाद से 8 बार एसआईआर किया जा चुका है. बाद में उन्होंने पत्रकारों से भी एसआईआर को लेकर जानकारी साझा की और बताया कि एसआईआर के दौरान कोई भी पात्र मतदाता छूट नहीं और कोई अपात्र मतदाता जुड़े नहीं, ये सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है. एसआईआर इसी उद्देश्य को लेकर किया जा रहा है. इससे मतदाता सूची को पूरी तरह पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगा.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने राजनीतिक दलों की बैठक में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण की एसआईआर की तारीखों की घोषणा कर दी है इसमें मध्यप्रदेश भी शामिल हैं. प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से उन्होंने आग्रह किया है कि वे अनिवार्य रूप से बीएलए की नियुक्त कर दें. उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होते ही मतदाता सूची फ्रीज कर दी गई है. भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स. डॉट. ईसीआई. इन पर जाकर 2003 की मतदाता सूची को देखा जा सकता है.

इसके अलावा मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है. विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान तीन बार बीएलओ घर घर जाकर सर्वे करेगा. मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 व सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा.

> **7 फरवरी 2026 तक चलेगी प्रक्रिया**
>
> मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू होकर 8 फरवरी 2026 तक चलेगी. इस बीच 28 से 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी. बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा. मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा. दावा आपत्तियों के आवेदन 9 दिसंबर से 9 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे. दस्तावेजों का सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा. इसके बाद 7 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा.


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ**

Ph. No. (07392) 244306, Email-eephedjha@nic.in

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 31/प्रोक्योरमेंट सेल/25-26**

झाबुआ, दिनांक: 27.10.2025

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं सूचना ई-टेंडरिंग पद्धति से नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकारों से पोर्टल http://mptenders.gov.in पर निविदा निम्नानुसार आमंत्रित है।

| ई टेंडर क्रमांक | विकासखंड/ग्राम का नाम | ठेके की अनु. लागत लाख में में ) | प्रतिभूति राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_458935 | झाबुआ जिले के विकासखंड थांदला के एकलव्य आदर्श आवासीय संस्था में नल-जल योजना का कार्य। | 17.54 | 35080 | 2000 | 2 माह |
| 2025_PHED_458936 | झाबुआ जिले के विकासखंड पेटलावद के एकलव्य आदर्श आवासीय संस्था में नल-जल योजना का कार्य। | 19.97 | 39940 | 2000 | 2 माह |

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय क्रय करने की अंतिम तिथि:- 10.11.2025, 17:30 तक
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि:- 10.11.2025, 17:30 बजे तक
ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि:- 12.11.2025, 11:00 बजे तक

शर्तें:-
1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होंगी।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन पर आवश्यक राशि का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग एकाउंट के द्वारा क्रय किये जा सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
झाबुआ

जी -20606/25